# वार्षिक रिर्पोट
# ‘‘साकार सोसाइटी फॉर डिफरेंटली एबल्ड पर्सन्स

2022-2023

गाँव डोढवां, तहसील सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)

---

## भूमिका:-

साकार सोसाइटी जिला मण्डी की तहसील सुन्दरनगर के गाँव डोढ़वा, पंचायत कपाही में विशेष बच्चों को शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक Day-Care स्कूल चलाती है। यह स्कूल 2008 से विशेष बच्चों की शिक्षा व व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

## साकार सोसाइटी के मुख्य कार्य:-

- शहर के साथ गांव के विशेष बच्चों को स्कूल पहुँचाना और उन्हें शिक्षा व प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना।
- गरीबी रेखा से नीचे परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना।
- विशेष बच्चों के माता-पिता को समय-समय पर परामर्श देना।

## साकार सोसाइटी के उद्देश्य:-

इस संस्था का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग जनों का कल्याण करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ताकि वह समाज में सामंजस्य स्थापित कर सके।

## साकार विशेष स्कूलः-

साकार विशेष स्कूल गांव डोढ़वा में स्थित है। इस स्कूल में वर्तमान समय में 65 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है। बच्चों को वाहनों द्वारा घर से स्कूल व स्कूल से घर तक लाया व ले जाया जाता है। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए 5 विशेष शिक्षक, 1 व्यावसायिक शिक्षक व 1 फिजियोथेरेपिस्ट है और साथ में बच्चों की देख-रेख के लिए 3 Peon है।





**कक्षा का वर्गीकरण:-**

- प्री-प्राइमरी
- प्राइमरी-।
- प्राइमरी-।।
- सेकेन्डरी
- प्री-वोकेशनल-।
- प्री-वोकेशनल-।।
- व्यावसायिक प्रशिक्षण
- संरक्षित वर्ग




THE ALPHABET
इन्द्रधनुष





## साकार स्कूल की अन्य शाखाएं :-

1. कांगू
2. पधर

## 1. कांगू :-

साकार संस्था के इस शाखा की नींव 10 जुलाई 2018 को कांगू नामक स्थान, तहसील सुन्दरनगर में रखी गई थी। इस शाखा में अब तक लगभग 20 बच्चें शिक्षा ग्रहण करने आते है। इस शाखा में 2 विशेष शिक्षक व 1 Peon है। इस शाखा में एक वाहन के द्वारा बच्चों को स्कूल लाना व वापिस घर छोड़ा जाता है।

## 2. पधर :-


साकार की एक शाखा पधर में है। इस शाखा में 18 विशेष बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है। यहां पर बच्चों को पढ़ाने के लिए 1 विशेष शिक्षक व 1 Peon है।

❖ फिजियोथेरेपी सेन्टर :-

साकार संस्था एक फिजियोथेरेपी सेन्टर भी स्कूल में चला रही है। इस सेन्टर में विशेष बच्चों को आवश्यकता अनुसार थेरेपी दी जाती है।







❖ स्पीच थेरेपी सेन्टर :-


सकार संस्था द्वारा विशेष बच्चों की आवश्यकता को ध्यानमें रखते हुए संस्था में स्पीच थेरेपी भी दी जाती है।

❖ **व्यावसायिक चिकित्सा / थेरेपी :-**

साकार संस्था स्कूल में बच्चों को ऑनलाइन माध्यम से व्यावसायिक चिकित्सा / थेरेपी भी प्रदान करती है। ऑनलाइन माध्यम से एक व्यवसायिक प्रशिक्षक बच्चों को यह व्यवसायिक चिकित्सा / थेरेपी देता है।








❖ **शीघ्र हस्तक्षेप :-**

साकार संस्था द्वारा गांव-गांव में जाकर सर्वे किया जाता है, तथा छोटे बच्चों को शीघ्र पहचान कर के उन्हें उचित प्रशिक्षण देकर शीघ्र हस्तक्षेप को लागू करती है।

❖ मनोरंजन कार्य :-

साकार संस्था विशेष बच्चों को विभिन्न प्रकार की मनोरंजनात्मक क्रियाकलाप सिखाती है। जिसमें बच्चों की क्षमता के अनुसार क्रियाएं करवाई जाती है। बच्चे विभिन्न अवसरों पर अपनी प्रतिभाएं दिखाते है। जैसे 15 अगस्त, 26 जनवरी, दिवाली, वार्षिक समारोह के अवसरों पर इत्यादि।







❖ **यातायात की सुविधा :-**

साकार संस्था विशेष बच्चों को घर से स्कूल व स्कूल से घर तक लाना व वापिस ले जाने के लिए यातायात की सुविधा भी प्रदान करती है। इस के लिए संस्था 5 वाहनों का इस्तेमाल करती है।



❖ **व्यावसायिक यूनिट / इकाई :-**

साकार संस्था एक व्यावसायिक यूनिट / इकाई भी चलाती है।इस व्यावसायिक यूनिट / इकाई में एक शिक्षक है वह बड़े बच्चों को (18+) व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस यूनिट में टोकरी बनाना, सिलाई/कढ़ाई करना, स्वैटर बनाना, कैरीबैग बनाना, पत्तल बनाना व टैडीबियर आदि बनाना सिखाए जाते है। इस यूनिट में बच्चों को मोमबत्ती बनाना, कागज के लिफाफे बनाना, अचार बनाना इत्यादि भी सिखाया जाता है।





❖ खेल-कूद प्रतियोगिताएं :-

साकार संस्था के विशेष स्कूल में बच्चों को विभिन्न प्रकार की खेल-कूद गतिविधियां भी करवाई जाती है। स्कूल में बच्चों को बेडमिन्टन, क्रिकेट, वालीबॉल, लम्बीकूद, फलोरबॉल, फलोरहॉकी इत्यादि खेल खेलना सिखलाया जाता है। साथ में बच्चों को स्पेशल ऑलमपिकस खेलों में भी भाग लेने के लिए भेजा जाता है।





❖ हेल्थ व डेन्टल चेकअप :-

साकार संस्था में समय-समय पर हेल्थ व डेन्टल चेकअप कैम्प का आयोजन करवाया जाता है। जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य व दाँतो का चेक अप किया जाता है।







## ❖ साकार शॉपी / **SHOPEE**:-

साकार संस्था द्वारा सुन्दरनगर में एक “SAKAR SHOPEE” नाम से एक छोटी सी दुकान चलाई जाती है। इसमें बच्चों के द्वारा बनाया गया सामान प्रदर्शित किया जाता है व बेचा जाता है।








❖ **07 अप्रैल 2022 :-**

Special Olympics Board द्वारा आयोजित National Health Fest For Divyangjan Programme में संस्था के बच्चों ने भाग लिया। यह आयोजन BBMB Officer Club Sundernagar में मनाया गया।








❖ 16 अप्रैल 2022 :-

श्री माता जीवनी सेवार्थ ट्रस्ट डोढ़वा सुन्दरनगर के अध्यक्ष व अन्य लोगों ने साकार स्कूल का Visit किया तथा अपनी एक Scheme का अनावरण भी किया। जिसमें यह ट्रस्ट हर साल साकार संस्था को 11000/- रुपये देंगे। श्री माता जीवनी सेवार्थ ट्रस्ट विशेष बच्चों के लिए 11000/-रुपये की धनराशी हर वर्ष संस्था को देंगे इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से आए हुए लोगों में श्री हर नाम सिंह जी, श्री अमर सिंह ठाकुर जी मौजूद रहें, और संस्था को 11000/-रुपये प्रदान किए।



❖ 18 मई 2022 :-

हमारे संस्था के बच्चों ने Art of Living Sundernagar द्वारा आयोजित एक Programme में भाग लिया।

❖ **18 जून 2022 :-**

साकार स्कूल में बच्चों को DPT for 5-6 Year and TD for 10-16 years दवाइयों का टिकाकरण किया गया। यह टीकाकरण Female Health Worker and CHO Tanuja द्वारा किया गया

❖ **21 जून 2022 :-**

साकार संस्था के विशेष बच्चों में विश्व योग दिवस को BBMB Officer Club Sundernagar में मनाया।






❖ 15 अगस्त 2022 :-

ज्वाहर पार्क सुन्दरनगर में आयोजित Programme में स्कूल के बच्चों ने भाग लिया तथा एक Activity को Perform भी किया।





❖ 30 अगस्त 2022 :-

मां हाटेश्वरी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने स्कलू का visit किया।





❖ 05 सितम्बर 2022 :-

साकार संस्था ने अपना वार्षिक समारोह मनाया । इस अवसर परहमारे संस्था के मुख्य संरक्षक श्री अम्बा प्रसाद जी हमारे मुख्य अतिथी बने।



❖ 02 सितम्बर 2022 से 10 सितम्बर 2022 :-

हमारे संस्था के 2 बच्चे Special Olympics Games में भाग लेने गुजरात गए, इनमें नितिका ने Weight Lifting में तथा सूरज ने वॉलीबाल में भाग लिया।

❖ **03 दिसम्बर 2022 :-**

विश्व दिव्यांग दिवस को CRC Sundernagar में मनाया गया। संस्था के बच्चों ने इस आयोजन में भाग लिया।







❖ **26 जनवरी 2023 :-**

जवाहर पार्क सुन्दरनगर में आयोजित प्रोग्राम में स्कूल के बच्चों ने अपनी Performance दी। बच्चों ने इस अवसर पर एक Act Play किया।






❖ **07 फरवरी 2023 :-**

मां हाटेश्वरी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने स्कूल का visit किया।



❖ **19 फरवरी 2023 :-**

हमारे स्कूल के बच्चों ने महाशिवरात्री मेला मण्डी में आयोजित Programme में भाग लिया।

❖ 21 मार्च 2023 :-

साकार स्कूल में विश्व डाउन सिन्ड्रोम दिवस मनाया गया।



